**परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-5 ,मुंबई**
**आवधिक परीक्षा-1 , सत्र –2023-2024**
**कक्षा – 6**

**विषय –हिंदी (द्वितीय भाषा) समय:- 90 मिनिट पूर्णांक:-40**

---

**प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए –(1X7=7)**

संसार में सबसे मूल्यवान वस्तु समय है क्योंकि दुनिया की अधिकांश वस्तुओं को घटाया-बढ़ाया जा सकता है, पर समय का एक क्षण भी बढ़ा पाना व्यक्ति के बस में नहीं है। समय के बीत जाने पर व्यक्ति के पास पछतावे के अलावा कुछ नहीं होता। विद्यार्थी के लिए तो समय का और भी अधिक महत्त्व है। विद्यार्थी जीवन का उद्देश्य है शिक्षा प्राप्त करना। समय के उपयोग से ही शिक्षा प्राप्त की जा सकती है। जो विद्यार्थी अपना बहुमूल्य समय खेल-कूद, मौज-मस्ती तथा आलस्य में खो देते हैं वे जीवन भर पछताते रहते हैं, क्योंकि वे अच्छी शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं और जीवन में उन्नति नहीं कर पाते। मनुष्य का कर्तव्य है कि जो क्षण बीत गए हैं, उनकी चिंता करने के बजाय जो अब हमारे सामने हैं, उसका सदुपयोग करें।

**(क**) समय को सबसे अमूल्य वस्तु क्यों कहा गया है?
(i) इसका एकक्षण भी घटाया-बढ़ाया नहीं जा सकता
(ii) समय व्यक्ति के वश में नहीं है।
(iii) समय ही व्यक्ति के जीवन को बदल सकता है
(iv) मनुष्य उस समय की गति को नहीं रोक सकता

**(ख)** विद्यार्थी जीवन का उद्देश्य है-
(i) जीवन को सुखी बनाना
(ii) गुरुओं का आदेश मानना
(iii) व्यक्ति के जीवन में समय का महत्त्व
(iv) शिक्षा प्राप्त करना

**(ग)** विद्यार्थी जीवन भर क्यों पछताते रहते हैं ?
(i) क्योंकि वे आलसी होते हैं
(ii) जो अपना कीमती समय मौज मस्ती और आलस्य में खो देते हैं।
(iii) जो ज्ञान प्राप्त नहीं करते।
(iv) जो विद्यार्थी माता-पिता और गुरुओं की आज्ञा का पालन नहीं करते

**(घ)** समय के संबंध में व्यक्ति का क्या कर्तव्य बताया गया है?
(i) परिश्रम करें
(ii) मन लगाकर पढ़ाई करें
(iii) बीते समय के बारे में पश्चाताप न करके वर्तमान समय का सदुपयोग करें
(iv) असफल होने पर निराश न हों, पुनः प्रयास करें

**(ङ)** उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक सुझाइए -
(i) समय का सदुपयोग
(ii) समय और मनुष्य
(iii) विद्यार्थी और समय
(iv) अमूल्य समय

(च) समय के उपयोग से ही क्या प्राप्त की जा सकती है?

(i) दुनिया (ii) शिक्षा (iii) दान (iv) दुःख

(छ) 'दुनिया ' शब्द का समानार्थक शब्द क्या है ?

(i) संसार (ii) जाति (iii) रहीम (iv) देश

2 . **निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 1X3=3**

हर शनीचर को हमें ऑलिव ऑयल या कैस्टर ऑयल पीना पड़ता | यह एक मुश्किल काम था | शनीचर को सुबह से ही नाक में हमें इसकी गंध आने लगती !ॅ

छोटे शीशे के गिलास , जिन पर ठीक खुराक के लिए निशान पड़े रहते , उन्हें देखते ही मितली होने लगती | मुझे आज भी लगता है कि अगर हम न भी पीते वह शनिवारी दवा तो भी कुछ बिगड़ने वाला नहीं था |

i. हर शनीचर को लेखिका क्या पीना पड़ता ? **(1)**

(क) पानी (ख) चाय (ग) कॉफ़ी (घ) ऑलिव ऑयल या कैस्टर ऑयल ( )

ii. शनीचर को सुबह से ही नाक में किसकी गंध आने लगती ? **(1)**

(क) सब्जी की (ख) चाय की (ग) आलिव आयल या कैस्टर आयल (घ) घी की ( )

iii गिलासों को देखते ही लेखिका को क्या होता ? **(1)**

(क) खुश हो जाती (ख) उन्हें देखते ही मितली होने लगती

(ग) मन में मिठाई का स्वाद आता घ) घी का स्वाद आता ( )

**खंड – ख**

II. **बहुविकल्पतात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-** **(1x10=10)**

1. चिड़िया का स्वभाव कैसा हैं?
(क) नल जैसा (ख) आलसी
(ग) नदी-झरनों का जल जैसा (घ) संतोषी

2. चिड़िया का गाना कैसा है?
(क) स्वर्ण का (ख) श्रृंखला का (ग) सुरीला (घ) गंदा

**3.** पिंजरे में रहकर पक्षी क्या नहीं कर पाएंगे?
(क) गा नहीं पाएँगे (ख) उड़ नहीं पाएंगे
(ग) कुछ खा नहीं पाएँगे (घ) उपर्युक्त सभी

4. चिड़िया के अंडों को कोई हाथ लगा दे तो क्या होता है ?

(क) चिड़िया अंडे नहीं सेती (ख) उनकी आज़ादी छिन जाती है
(ग) वे कैद हो जाते हैं (घ) उपर्युक्त सभी

5. ' वह चिड़िया जो ' कविता के रचयिता हैं?
(क) मैथलीशरण गुप्त (ख) केदारनाथ अग्रवाल
(ग) सुमित्रानंदन पंत (घ) सुभद्रा कुमारी चौहान

6. सोनाली जल्दी –जल्दी चलने लगी | इसमें से क्रिया विशेषण छाँटौं-

(क) सोनाली (ख) जल्दी –जल्दी
(ग) चलना (घ) उपर्युक्त सभी

7. कछुआ धीरे –धीरे चलता है | इसमें से क्रिया विशेषण छाँटौं-
(क) कछुआ ख) चलता है (ग) धीरे –धीरे (घ) कोई नहीं

8. इनमें से सार्वनामिक विशेषण छाँटौं-
(क) बच्चों (ख) तुम्हारी दादी (ग) भिखारी (घ) खिलौनेवाले

9. इनमें से भाववाचक संज्ञा छाँटौं-
(क) तुम (ख) चमक (ग) खिलौनेवाले (घ) मोहन

10. केशव भीगी बिल्ली क्यों बन गया था ?
(क) रोहिणी के कारण (ख) वह डर गया था (ग) मुरलीवाले के कारण (घ) उपर्युक्त सभी

## खंड – ग

**प्रश्न 2. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो |**
(दस में से कोई आठ प्रश्नों के उत्तर लिखो) 2 X 8 = 16

प्रश्न क . नीचे लिखी पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए –
चढ़ी नदी का दिल टटोलकर
जल का मोती ले जाती है
प्रश्न ख . चिड़िया को किस –किस से प्यार है ?
प्रश्न ग . लेखिका बचपन में इतवार की सुबह क्या –क्या काम करती थी ?
प्रश्न घ . लेखिका को बचपन में चश्मा क्यों लगाना पड़ा ?
प्रश्न च . राजा दशरथ की कितनी रानियाँ थी ? उनके नाम लिखो |
प्रश्न छ . राजा दशरथ के कितने पुत्र थे ? उनके नाम लिखो |
प्रश्न ज . 'वह चिड़िया जो ' कविता में किसके बारे में बताया गया है ?
प्रश्न झ . लेखिका बचपन में कौन –कौन सी चीजे मज़ा लेकर खाती थी ?
प्रश्न ट . केशव ने श्यामा से चिथड़े , टोकरी और दाना –पानी मंगाकर कार्निस पर क्यों रखे थे ?
प्रश्न ठ . केशव ने श्यामा ने अंडों के बारे में क्या- क्या अनुमान लगाए ?

## खंड – घ

**प्रश्न 3. नीचे दिए गए व्याकरण के प्रश्नों के उतर लिखो - 2 X 2 = 4**
**प्रश्न क . चार गुणवाचक विशेषण वाले शब्द लिखो – (1/2X4 =2)**
**प्रश्न ख. नीचे दिए वाक्यों में से क्रिया विशेषण छाँटौं - (1X2 =2)**
i आज अचानक ठंड बढ़ गई है | ---------
ii मोहन सहमकर कोने में बैठ गया | -------